Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 08-01-2022 अंक 108

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**अपेम लाइवः बरही**

चौपारण प्रखंड अंतर्गत बेहरा आश्रम निवासी सरजू यादव उम्र 32 वर्ष पिता तोखि यादव को अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही आस पास के लोगों ने उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दिया गया।



घायल का इलाज करते चिकित्सक

## बाहरी को काम देने के खिलाफ रियाडा विस्थापित रैयतों ने पॉलीटेक कंपनी के खिलाफ दिया धरना, किया प्रदर्शन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

रियाडा अधिग्रहित जमीन पर स्थानीय विस्थापित रैयतों को काम नही मिलने से नाराज बेरोजगार युवक कंपनी के मुख्यं गेट पर चार दिनों से धरना पर बैठे है। युवाओ का आरोप है कि पोलिटेक कंपनी स्थानीय रैयतों को काम न देकर बाहरी लोगों से काम करवा रही है। जबकि रियाडा के द्वारा कहा गया था कि रियाडा में जो भी कंपनी अपना यूनिट लगाएगी, उसमें स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाएगा। लेकिन बरही बाईपास के पास संचालित कंपनी पोलिटेक स्थानीय लोगो को तरजीह नही दे रही है।



धरना प्रदर्शन करते रैयत

मीटिंग फीलिंग काम बाहरी लोगों को दे दिया गया। सभी ने मांग किया है कि यदि उन्हें मीटिंग फिलिंग का काम नही दिया गया तो हम चरनवद्ध आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे। धरना प्रदर्शन में सिराज अली उर्फ चांद, मोहम्मद इमरान , डब्लू , गुफरान उर्फ सोनू ,दानिश, मिराज, राजा, मुस्तकीम, नसीरुद्दीन, मंजूर आलम, मो. हम्मद मिस्टर ,हैदर, साहिल, शाहिद, जियाउल, फरीद, सागर, जियारत ,रुस्तम ,जावेद गुड्डू, सनावर ,छोटू ,चांद, मेहताब, रहमतुल्ला, पप्पन ,मिस्टर, अकबर, मुराद ,निजाम ,समान ,युसूफ, पनीर सहित कई लोग शामिल थे।।

## एम्बिशन अकादमी में ऑनलाइन हुआ बाल सांसद का चुनाव सम्पन्न
















**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको में संचालित एम्बिशन अकादमी में ऑनलाइन बाल सांसद का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें राष्ट्रपति साजिदा खातुन, शिक्षा मंत्री सायरा बानो, स्वास्थ मंत्री रुकसार प्रवीण, अनुशासन मंत्री रिजवाना प्रवीण, सूचना मंत्री पिंटू दास को चुना गया। सदस्यो में पम्मी पासवन, तरन्नुम प्रवीण, अंजली पासवन, सबाना प्रवीण एवं आबिद अंसारी को बनाया गया। वहीं जूनियर एवं सीनियर क्षात्रों के बीच ऑनलाइन बाल विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें सीनियर ग्रुप की क्षात्रों ने जूनियर क्षात्रों को हरा दिया। साथ ही साथ एम्बिशन अकादमी के संचालक मो अजहरुद्दीन ने बताया कि हमारे संस्थान में जितने भी बच्वें शिक्षा ग्रहण कर रहे है। उन सभी बच्चों के द्वारा प्रत्येक माह के 25 तारीख को विद्यार्थियों के द्वारा 10 रुपया जमा किया जाता है। जिसका उपयोग भविष्य में बेसहारा एवं अनाथ बच्चों के पढ़ाई के लिए किया जाएगा।

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---09.01.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---हेमन्त
माहः---पौष
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---सप्तमी तिथि दिन 03:26 उपरांत अष्टमी तिथि
दिनः---रविवार
नक्षत्रः---उ.भा. नक्षत्र दिन 11:33 मिनट तक उपरांत रेवती नक्षत्र
योगः---परिघ
करणः---व
सूर्योदय :---प्रातः 06:45
सूर्यास्त : संध्या 05:15
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा :---मीन राशि में
आज का राहूकाल संध्या :---04:30 बजे से संध्या :---06:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से समाज मे मान सम्मान की की वृद्धि होता है
(नोटः---दिनांक 05-01-2022 के रात्रि 11:59 से 10-01-2022 के दिन 12:32 तक पंचक रहेगा।)



आलेख :
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## उपायुक्त ने जिला कोविड कंट्रोल रूम समेत सदर अस्पताल चतरा पहुंच स्वास्थ्य व्यवस्थओं एवं निर्माणाधीन कार्यो का लिया जायजा।

## कोविड के निर्देश का कड़ाई से हो पालन : उपायुक्त

**अपेम लाइव : चतरा**
**प्रमोद सिंह**

चतरा : उपायुक्त अंजली यादव ने जिला कोविड कंट्रोल रूम एवं सदर अस्पताल चतरा पहुंच स्वास्थ्य व्यवस्थओं एवं निर्माणाधीन कार्यो का जायजा लिया। उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर में बने जिला कोविड कंट्रोल रूम के संचालन का जायजा लिया। उपायुक्त ने प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों से रोजाना प्राप्त हो रहे क०ल्स की जानकारी लिया। वहीं कंट्रोल रूम में कार्य के दौरान एक्टिव मोड में रहकर कार्य करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने जिला कंट्रोल रूम प्रतिनियुक्त पदा. धिकारी/कर्मी को जिले में पाए जा रहे हैं कोविड-19 मामले एवं होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों से संपर्क में रहने का निर्देश दिया। उनसे होम आइसोलेशन किट एवं स्वास्थ्य संबंधित जानकारी लेने का निर्देश दिया। जिससे मरीजों को टेलीफोन के



माध्यम से हर संभव सहायता मुहैया कराई जा सके। इसके अलावा उपायुक्त ने कंट्रोल रूम में कोविड-19 से जुड़ी जानकारी, एम्बुलेंस असिस्टेन्स समेत अन्य को लेकर भी लोगो के प्राप्त हो रहे है कॉल पर आवश्यक रूप से प्रतिक्रिया देने एवं अग्रेतर कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही शिफ्ट के आधार पर कंट्रोल रूम का संचालन 24×7 करने हेतु निर्देशित किया। जिसके पश्चात उपायुक्त ने सदर अस्पताल चतरा पहुंच वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने वेयर हाउस में उपलब्ध दवा, मेडिकल किट, ऑक्सिजन सिलेंडर एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधित सामग्रियों की उपलब्धता की जानकारी लिया। साथ हीं प्राथमिकता के आधार पर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को स्टॉक अनुसार स्वास्थ्य साम. ग्रियों को जल्द वितरित करने का निर्देश दिया गया। जिससे मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार का अभाव न रहे।उपायुक्त ने सदर अस्पताल के कोविड वैक्सिनेसन सेंटर का भी जायजा लिया। आज हुए वैक्सिनेसन की जानकारी लिया। प्रतिनियुक्त कर्मी को उपायुक्त ने भीड़ न लगाते हुए सामाजिक दूरी का पूर्णतया अनुपालन के साथ हीं कतार बद्ध तरीके से एक एक कर लोगों का टीकाकरण करने का निर्देश दिया। वहीं अस्पताल परिषर में बन रहे विशेष टीवी अस्पताल वार्ड के निर्माण कार्य का भी उपायुक्त ने निरीक्षण किया। उपायुक्त ने संबंधित को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने एवं ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिससे विशेष टीवी अस्पताल वार्ड का संचालन मरीजों के लिए जल्द प्रारंभ कराया जा सके। इस दौरान मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिक. ारी चतरा, मुमताज अंसारी, आ. ईडीएसपी, डॉ आसुतोष कुमार, डीएमएफटी पीएमयू, डॉ संध्या आर्या, अस्पताल प्रबंधन से जुड़े कर्मी एवं अन्य संबंधित मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## डुमरियाडीह में ग्राहक सेवा केंद्र का हुआ उद्घटान

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत डुमरियाडीह में एयरटेल पे. मेंट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घटान हुआ। जिसका उद्घटान बतौर मुख्य अतिथि बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो क्यूम में किया। साथ ही उन्होंने कहा कि यह बैंक कुछ दिन पूर्व ही आरबीआई से टैग हुआ है। एवं डिजिटल क्षेत्र बैंकिंग में अच्छी सेवा दे रहा है। इस बैंक के माध्यम से बहुत सा बीमा भी किया जा सकता है। मौके पर बरही बैंक के प्रोमोटर सहाबुद्दीन, सीएसपी केंद्र संचालक हसमत हासिम, नकुल, कर्णदेव, मो सलामत, मो मंसूर, मो अली, लियाकत, अर्जुन रविदास, मो खलील, मो हनीफ, अकबर अंसारी एवं आजाद अली मौजूद थे।





उदघाटन समारोह मे शामिल लोग

## बरही विधानसभा के युवा अध्यक्ष बने मनोहर यादव, कांग्रेसियों ने दी बधाई

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के सक्रिय समाजसेवी मनोहर यादव को बरही विधानसभा के युवा अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि विधानसभा के युवाओं को पार्टी के प्रति प्रेरित करना मेरी प्राथमिकता होगी। वहीं उन्होंने कहा कि बरही विधानसभा अंतर्गत युवाओं



में बढ़ रही नशाखोरी से मुक्त करना भी मेरी प्राथमिकता होगी। साथ ही साथ बरही विधानसभा के युवा काँग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेसियों में हर्ष है। बधाई देने वालो में बरही विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव, जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, जिला उपाध्यक्ष डॉ निज्जाम. ुद्दीन अंसारी, सुनील चन्द्रवंशी टिंकू केशरी, प्रयाग प्रसाद, सुनील साहू, दीपक गुप्ता ने बधाई दी है।

## समाजसेवी के माँ का निधन पर चालीसवां में जलशा का आयोजन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुअकला पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी मो जमीरउद्दीन के माँ के निधन पर चालीसवां में जलशा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि काँग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अरुण साहू, बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, अंबिका सिंह, मंडल अध्यक्ष बंधन यादव शामिल हुए। जलशा में मुख्य वक्ता के रूप में समीर मौलाना रजा एवं मौलाना जशीम ने माता पिता के सेवा करने का हिदायत दिया। वहीं बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि ने भी कहा कि जब तक आप अपने माता पिता की सेवा नही करते है, जब तक आपके माता पिता आपसे खुश नही है। तब तक आप अपने ईश्वर को कितना भी खुश रखने की कोशिश कर ले। ईश्वर आपसे कभी खुशी नही होंगे। साथ ही वहाँ उपस्थित लोगो से कह की माता पिता के कदमो में जन्नत है इसीलिए उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि माता पिता का सेवा करे, माता पिता के सेवा से दुनिया मे और कोई बड़ा काम नही है। मौके पर मौलाना ताहिर, मौलाना अब्दुल वाहिद, हसनैन रज़ा, कलीम अंसारी, मो सलामत एवं मो महबूब मौजूद थे।



जलशे मे शामिल लोग

## झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन राँची की कोडरमा इकाई की वर्चुअल बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**

झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन राँची की कोडरमा इकाई की वर्चुअल बैठक जूम एप्प के मध्यम से जिला अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार की अध्यक्षता व जिला सचिव संजीव कुमार के संच. ालन में आहूत की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव रामरंजन कुमार सिंह,विशिष्ट अतिथि धनबाद जिला सचिव इरफान खान,धनबाद जिला संयोजक सुधांशु शेखर,पाकुड़ जिला अध्यक्ष गैब्रियल मुर्मू सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। बैठक का मुख्य विषय– कोडरमा में निजी विद्यालय की समस्याओं पर चर्चा, निजी विद्यालय के बंद रहने से शिक्षक–शिक्षिका एवं शिक्षिकेत्तर कर्मचारियों की स्थिति बद से बद्तर, बिजली बिल, बैंक का इ.एम.आई. एवं विद्यालय भवन के मकान किराये को लेकर आहूत की गई। विचार–विमर्श के उपरांत निर्णय लिया गया कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री एवं आपदा प्रबंधन, झारखंड को ज्ञापन उपायुक्त,कोडरमा के माध्यम से सौंपा जाय , निजी विद्यालय के प्रति. निधि मंडल के सदस्यों का चयन किया गया। इसी कड़ी में संजीवनी अकादमी,चंदवारा का मामला पर एसोसिएशन के बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यों ने कोडरमा प्रशासन के रवैये पर चिन्ता जाहिर की । मकान मालिक के द्वारा संजी. वनी एकादमी का ताला तोड़कर आवश्यक दस्तावेज समेत कीमती सामानों की चोरी कर शेष सामानों पर अभी तक मकान मालिक ने कब्जा कर लिया है । विद्यालय भवन के मकान मालिक ने किराये के कमरों को दूसरे किराएदार को दे दिया,इस हेतु विद्यालय संचालक के द्वारा थाना प्रभारी एवं जिला प्रशासन को लिखित सूचना दी गई लेकिन जिला प्रशासन या थाना प्रभारी द्वारा कोई ठोस कार्यवाही अभी तक नहीं करने पर आपत्ति जताया । जिला अध्यक्ष ने कहा कि शाशन व प्रशासन द्वारा आवेदन देने के तीन माह के उपरांत भी कोई कानूनी कार्यवाही नहीं करना शाशन व प्रशासन की उदासीनता को दर्शाता है। उपर्युक्त समस्त विषयों की गंभीरता को सुन प्रदेश महासचिव ने कहा कि आश्चर्य है कि झारखंड सरकार के द्वारा विगत बाइस माह से विद्यालय बंद हैं,लाकडाउन की स्थिति आज तक बनी हुई है, इस परिस्थिति में मकान मालिक के द्वारा इस तरह की हरकत करना अपराध की श्रेणी में आता है । इसके बावजूद जिला प्रशासन या थाना प्रभारी यदि कोई संज्ञान नहीं लेतै हैं तो यह गंभीर विषय है । जिला प्रशासन या थाना प्रभारी जल्द हीं मकान मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्याय संगत कार्यवाही करे , साथ ही विद्यालय संचालक को उनका सारा दस्तावेज एवं गायब हुए कीमती सामान बरामद करके नहीं दिलवाते हैं तो झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन राँची पूरे राज्य में विरोध दर्ज करायेगी ।साथ ही प्रदेश के सभी जिले से संचालक कोडरमा पहुंच कर धरना देगा और जिला प्रशासन से गंभीर विषय पर बात करेगा। न्याय नहीं मिलने की स्थिति में एसोसिएशन बैठक कर यथोचित निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगा । वहीं इस बाबत प्रदेश महासचिव ने कहा कि सर्वप्रथम एसोसिएशन की ओर से कोडरमा उपायुक्त ,अनुमंडल पदाधिकारी ,एस पी,, डीजीपी, डीआ. ईजी,आई.जी, मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, शिक्षामंत्री झारखंड सरकार,आपदा प्रबंधन मंत्री झारखंड सरकार को पत्र लिखकर न्याय के लिए आवेदन प्रेषित किया जायेगा । उसके बाबजुद भी विद्यालय प्रबंधक को न्याय नहीं मिला तो अभिभावक,विद्यालय शिक्षक, छात्र के साथ आंदोलन करेंगे ।प्रदेश के सभी जिलों से झारखंड प्राइवेट स्कूल के सदस्य विद्यालय संचालक के साथ हैं ।धनबाद जिला सचिव ने कहा कि अभी तक कोई ठोस पहल शासन व प्रसाशन द्वारा नही करने को दुर्भाग्यपूर्ण बतलाया ।जबकि आवेदन कोडरमा उपायुक्त,अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा,आरक्षी अधीक्षक कोडरमा के संज्ञान में दिए हुए तीन माह बीत गए। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन जेपीएसए जिला कोषाध्यक्ष नीतीश कुमार ने किया ।बैठक में जिला सह कोषाध्यक्ष अमरेश सिंह, चंदवारा प्रखंड सचिव मुकेश कुमार,जिला उपाध्यक्ष संगीता सिन्हा, अशोक चौरसिया,राजेश यादव, कोडरमा अध्यक्ष आनंद भारती,अर्जुन कुमार,प्रियांशु कुमार,पंकज सिंह,श्यामसुंदर यादव,बलवंत राणा समेत कई विद्यालय के प्रबंधक शामिल हुए।




## बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड ने बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शंकर रवानी को बनने पर दी बधाई।

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

आज दिनांक 8 जनवरी 2021 को धनसार स्थित बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड कार्यालय में बैठक हुई जिसमें बोकारो जिला के बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शंकर रवानी को बनाए जाने पर बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड संस्था की ओर से बधाई दिया गया । संस्था के सचिव पप्पू पंडित ने कहा कि बाल मजदूरी आज के कोविड काल में ज्यादा बढ़ रहा है जिसका कारण यह है कि विधालय का बंद होना। ऐसे परिस्थिति में समाज एवं बाल कल्याण कार्यो से जुड़े लोगों को बाल कल्याण समिति का अध्यक्ष बनाया जाना मिल का पत्थर साबित होगा। सरकार को इसके लिए हार्दिक बधाई बधाई देने वालों में जिला संगठन आयुक्त मुख्य प्रशिक्षक रिक्की कुमार साव, धनबाद जिला के जिला संगठन आयुक्त शैलेश रंजन,प्रबंधक मिथिलेश कुमार, शिक्षिका काजल बनर्जी, भारतीय जन मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो, करमचंद गोप, गोपाल साहू आदि ने बधाई दिया।

APEM LIVE

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## मृतक परिवार को मिलेगा मुआवजा : केदार साव

**अपेम लाइवः बरकठ्ठा
सुनील कुमार**



बरकट्ठा पिछले माह सड़क दुर्घटना में घायल जिबलाल साव की इलाज के दौरान मौत हो गयी मृत्यु की सूचना के बाद जीप प्रति. निधि केदार साव व भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर सांत्वना दी मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दुर्घटना में निर्धारित एक लाख मुआवजा मिलेगा ज्ञात हो बेलकप्पी के बड़ासिंगा ( नायक टोला ) निवासी जीबलाल साव 20 दिन पूर्व बरकट्ठा बाजार से वापस घर आते समय पताल सुर के पास एक्सीडेंट हो गया था,इसके बाद उसे तुरंत बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया , गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया इसके कुछ दिन बाद रांची रिम्स ह०स्पिटल में इलाज चल रहा था, इलाज के दौरान उनकी 07 जनवरी शुक्रवार सुबह 7रू00 बजे मौत हो गई ,जीबलाल साव साहू समाज के अच्छे व सामा. जिक व्यक्ति थे, मौके पर मुखिया पति अर्जुन राणा, पूर्व मुखिया राजकुमार नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, समाज सेवी शंकर साव, समाजसेवी संजय साव, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र साव, वार्ड सदस्य परमेश्वर नायक, गणेश नायक, दामोदर नायक, कारू साव, अशोक राणा, समसुद्दीन अंसारी समेत कई लोग उप. स्थित थे, साहू समाज के लोगो के बीच मातम छाया हुआ है, सभी मिलकर भग. वान से प्रार्थना किए मृत आत्मा के लिए अच्छे स्थान दें।

## बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के गोरहर मे ठंड से बचाव हेतु कल्याण विभाग के द्वारा 200 आदिवासियों के बीच कंबल वितरण किया गया

**अपेम लाइवः बरकठ्ठा
मानव राज सिंह**



बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के गोरहर पंचायत में 200 आदिवासि बुजुर्ग लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर कल्याण विभाग के द्वारा भारत जकात माझी परगना महाल बरकट्ठा और आदर्श युवा संगठन के सहयोग से अत्यधिक ठंड से बचाव हेतु कंबल का वितरण किया गया । बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के गोरहर पंचायत के ग्राम शिवा टोला, पाला, पाती तिरि, करंडो,जमुनिया टोला, लहर गोडा और सिम्रातारी में वितरण कार्यक्रम में भारत जगत मांझी परगना महल के प्रखंड अध्यक्ष राम जी बेसरा, प्रखंड सचिव मनोज मुर्मू, कन्हाई बेसरा, शिवलाल टू डू, मोहन टू डू, महेश मरांडी, मोतीलाल मुर्मू, दासो मुर्मू, और आदर्श निकेतन युवा समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह एवं सुरेश सिंह ने सहयोग किया।

## पंजाब सरकार के खिलाफ भाजपाइयों ने निकाला मशाल जुलूस

**अपेम लाइवः बरकठ्ठा
सुनील कुमार**


मशाल जुलुस मे शामिल भाजपाई

बरकट्ठा : भारतीय जनता पार्टी मंडल इकाई बरकट्ठा,बेडोकला और चल. कुसा के द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर पंजाब सरकार का लापरवाही के विरुद्ध मशाल जुलूस निकालकर चन्नी सरकार का विरोध प्रकट किया गया। जुलूस में पंजाब सरकार हाय,हाय चन्नी सरकार के खिलाफ नारे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि केदार साव उपस्थित हुए। बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक,बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद ,चलकुसा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल ,युवा मोर्चा अध्यक्ष टिंकू प्रसाद ,कोषाध्यक्ष बिंदु सोनी, महामंत्री अशोक गुप्ता ,पूर्व मंडल अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद, इंद्रदेव यादव ओबीसी जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद ,युवा मोर्चा महामंत्री महेंद्र प्रसाद, दीपक राणा शंकर साव, जागेश्वर प्रसाद ,अर्जुन ठाकुर ,पितांबर नायक समेत कार्यकर्ता शामिल थे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गयी विदाई

**अपेम लाइवः बरकठ्ठा
सुनील कुमार**



बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय बरकट्ठा के शिक्षक मुरलीधर महतो व शिक्षिका मंजु बाला के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने कहा समाज मे शिक्षकों की भूमिका एक मार्गदर्शक की होती है वही रिटायर्ड शिक्षकों की भूमिका व समाज के प्रति उत्तरदायित्व बढ़ जाता है ।मौके पर एसडीपीओ राजेन्द्र प्रसाद ने कहा शिक्षक एक कुम्हार की तरह अपने कार्यो का अंजाम देता है जिस तरह कुम्हार अपने हाथों से मिट्टी को आकार देता है उसी तरह शिक्षक भी समाज को एक दिशा देते है कार्यक्रम में विद्यालय परिवार व अजपता की ओर से दोनों सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल व अन्य उपहार विदाई के रूप में दिए ज्ञात हो शिक्षक मुरलीधर महतो स्वभाव से मृदुभाषी व हिंदी साहित्य के प्रखर ज्ञाता है उनका शिक्षा विभाग के प्रत्येक कार्यक्रमो में एक प्रमुख उद्घोषक की भ. ूमिका में रहे है साथ ही सामाजिक सोच के विद्वत रहे है उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सभी अतिथियों ने शुभकामनाएं दी कार्यक्रम की संचालन यमुना साव ने की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रामकिसुन महतो ने की विदाई समारोह में प्रमुख रूप से प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक कुमार पाल, बरकट्ठा उतरी मुखिया बसंत कुमार, केदार साव, अजपता जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार, शशिभूषण प्रसाद, संचालन यमुना साव, अध्यक्षता रामकिशुन महतो, श्रीकांत प्रसाद, जनार्दन वर्मा, प्रकाश अग. वाल, अमित राम, रविन्द्र पांडेय, इन्द्र साव, सावित्री देवी, शबाना शीरीं, राघवेन्द्र लाल, छत्रु प्रसाद, मोहम्मद रियाजुद्दीन, दिनेश्वर महतो, बलदेव मंडल, सहदेव मंडल, मनोज कुमार, हरिहर दास, इन्द्रदेव साव, कलावती कुमारी, इन्द्रजीत प्रसाद, विनोद साव, प्रकाश तुरी, मनमोहन दास, धानेश्वर साव, अनिल कुमार, सुधीर कुमार मिश्र, मनीषा देवी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे ।

## अफीम माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा :अशोक प्रियदर्शी

**अपेम लाइव : चतरा
प्रमोद सिंह**



चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर विशेष गश्ती एवं छापामारी अभियान के दौरान लावालौंग से पांकी जाने वाली सड़क पर ग्राम कटिलीमहुओं के समीप वाहन जांच के क्रम में दो मोटरसाईकिल सवार को पकड़ा गया ।तथा उनके पास से एक किलो एक सौ पचास ग्राम अवैध अफीम बरामद किया गया। इस संदर्भ में दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत मे भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। गिरफ्तार किये गए व्यक्ति रामधन गंझू उम्र करीब 26 वर्ष पिता जगमोहन गंझु तथा उपेन्द्र गंझू उम्र करीब 24 वर्ष पिता झरी दोनो सागर टोला नैनपुर थाना लावालौंग जिला चतरा। छापामारी दल में अमित कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी लाखालौंग पु0अ0नि0 विवेक कुमार स0अनि सफीक अंसारी कृष्णालाल हाजरा घरकु कुमार यादव प्रविण ठाकुर शामिल थे। जप्त समानो मे मोटरसाइकिल जिसका रजि0 नं0- जे 1303E 5842, हिरो स्पलेन्डर मोटरसाईकिल जिसका रजि0-जेएच 01ई 6591, एक किलो एक सौ पचास ग्राम (01 केजी0 150 ग्राम) काला अर्धठोस अफीम ITEL कंपनी का स्क्रीन टच मोबाईल, सैमसंग कंपनी का छोटा कीपेड मोबाईल बरामद किया गया है ।सिमरिया एस डी पी ओ अशोक प्रियदर्शी ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि अफीम तस्करों को जिला प्रशासान खैर नहीं होने देगी।

## इनवर्टर एवं बैटरी चोरी को लेकर थाना में दिया आवेदन

**अपेम लाइवः बरही
सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनरा निवासी पप्पु कुमार उम्र 36 वर्ष पिता ब्रह्मदेव राम ने बरही थाना में गुमटी से इन्वर्टर एवं बैटरी चोरी को लेकर थाना में आवेदन दिया है। वहीं उन्होंने थाना में आवेदन देते हुए कहा कि मैं बरही अनुमंडलीय कोर्ट से सं. बंधित कार्य करता हूं। जहाँ बीते रात अज्ञात लोगों के द्वारा मेरे गुमटी से इन्वर्टर एवं बैटरी चोरी कर लिया गया। जिसकी सूचना मुझे अनुमंडलीय पदाधिकारी महोदया के गृह रक्षकों ने शनिवार सुबह 8 बजे दी। जब मैं घटनास्थल पर पहुँचा तो देखा कि गुमटी से इन्वर्टर जो कि 1450 वोल्ट एक्साइड कंपनी का जिसका कीमत लगभग 11000 हजार एवं एक बैटरी है जिसका 17000 हजार है। उन्होंने बरही थाना में आवेदन देकर प्रथ. मिकी दर्ज करने के साथ दोषियों पर कड़ी कार्यवाई करने की मांग की है।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य


1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

**निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता**







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## शहर में सक्रिय बाइक चोर गिरोह का उदभेदन करने में पुलिस को मिली सफलता

### पांच अपराधी गिरफ्तार दो नाबालिग की संलिप्तता उजागर

अपेम लाइव : कान्हाचट्टी
प्रमोद सिंह






चतरा पुलिस ने शहर में बाइक चोर गिरोह का उदभेदन करते हुए दो नाबा. लिग की संलिप्तता उजागर करते हुए पांच अपराधियो को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से जानकारी दी की । एसडीपीओ श्री कुमार ने बताया गया गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सदर थाना कांड सं0- 07/2021, में चोरी गया मोटरसाईकिल को सरवन प्रजापति उर्फ कारु ग्राम बरैनी अपने घर में रखा है। प्राप्त सूचना के आलोक में आवश्यक कार. 'वाई करने हेतु एक छापामारी टीम गठित कर, छापामारी टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये उनके घर से चोरी गया मोटसाईकिल टीवीएस आपाची नं0 जेएच 13एफ -8023 को बरामद करते हुए सरवन कुमार प्रजापति उर्फ कारु पे मनोज प्रजापति सा बरैनी थाना सदर जिला चतरा को गिरफ्तार किया गया। जिनके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर कांड में शामिल अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया नाबा. लिग अपराधी के बताये बयान अनुसार सदर थाना कांड सं0-324/21 में चोरी गया मोटरसाईकिल हिरो होण्डा सीडी0न को नाबालिग अपराधी के दुसरे घर ग्राम सिरम से बरामद कर जप्त किया गया ।साथ ही घटना में शामिल दो अन्य अपराधकर्मी को मोटरसाईकिल चोर अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया एवं नाबालिक बालक के निशानदेही पर लावालौंग थाना अंतर्गत से चोरी गई मोटरसाईकिल हीरो होण्डा स्पलेण्डर प्रो को चन्दन कुमार यादव के घर ग्राम बरैनी से बरामद कर जप्त किया गया है। इस संबंध में सदर थाना कांड सं0-10/2022 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है ।गिरफ्तार अभियुक्तों में सरवन कुमार प्रजापति उर्फ कारु पिता मनोज प्रजापति आशिष कुमार प्रजापति पिता उमेश प्रजापति . अनुप कुमार साव पिता बिनोद साव. चन्दन कुमार यादव पिता विजय यादव . मि. थलेश कुमार यादव पिता रमेश यादव सभी सा बरैनी थाना सदर जिला चतरा के रहने वाले हैं। बरामदगी में टीवीएस अपाची मोटरसा. ईकिल नं0- जेएच 13ए-8023,. हिरो होण्डा सीडी ड0न (नम्बर अंकित नही), हिरो होण्डा स्पलेण्डर प्रो (नम्बर अंकित नही) शामिल है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि इस छापामारी दल में विशेष रुप से चतरा पुनि सह थाना प्रभारी लव कुमार, पुअनि प्रकाश सेठ, सअनि शशिकान्त ठाकुर,सअनि विनय कुमार कुशवाहा, . सअनि कार्तिक सिंह मुण्डा, एवं सशस्त्र बल चतरा के जवान शामिल थे।

## आप नेता के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गांवा प्रखंड में आधार केंद्र खोलने का किया मांग

अपेम लाइव
गावां / गीरिडीह
मुजाहिद अली


आधार केंद्र की मांग करते ग्रामीण

गांवा प्रखंड अंतर्गत बादीडीह पंचायत के खिरोडीह के ग्रामीणों ने शनिवार को आधार केंद्र नहीं होने के कारण अपना विरोध जताया है। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा की हम ग्रामीणों को लगभग एक वर्ष से आधार के कार्य के लिए भटकना पड़ रहा है लेकिन आज तक हमारा काम नहीं हो पाया है। हम गरीब लोगो के पास इतना पैसा भी नहीं है की हम अपने बगल के प्रखंड में जाकर आधार बनवा सकें। उन्होंने विभाग से मांग किए की खिरोडिह ग्राम में आधार केंद्र लगवाया जाए ताकि हमारे बच्चे जिनका विद्यालय में नामांकन तक बिना आधार का नहीं हो पा रहा है। आप नेता सागर चौधरी ने कहा की ग्रामीणों को आधार कार्ड के वजह से बहुत परेशानी हो रही है। बच्चे अपना नामांकन नहीं करवा पा रहे और आंग. नबाड़ी केंद्रों के 5 वर्ष के नीचे के बच्चो के आधार हेतु कोई वयवस्था नहीं की गई है। साथ ही साथ 18 वर्ष के उपर के लोगो को विद्यालय, पेंशन, बैंक जैसे अनेकों कार्य को करवाने में बहुत दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा की प्रखंड मुख्यालय में जल्द आधार का कार्य शुरू किया जाए ताकि जनता इस परेशानी से उभर सके। मौके पर कमलेश यादव, उपेंद्र यादव, दिलीप यादव, भूलो महतो, सिबन महतो, कांग्रेस यादव, प्रकाश यादव, नरेश यादव, राहुल कुमार चौधरी, आकाश यादव, कारो, यादव, जानकी महतो, प्रफूल कुमार, मधु मांगते समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## गावां पुलिस ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में किया फ्लैग मार्च, दिया मास्क पहनने की चेतावनी

अपेम लाइव
गावां / गीरिडीह
मुजाहिद अली



मास्क पहनने की सलाह देते जवान

गावां प्रखंड के कई पंचायतों में विभिन चौक चौराह पर थाना प्रभारी पिंटू कुमार के नेतृत्व मे फ्लैग मार्च निकाल कर एवं मास्क चौकिंग अभियान चलाकर लोगो को मास्क पहनने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सभी प्रतिष्ठानों में जाकर दुक. ानदारो को बगैर मास्क पहने आने वाले ग्राहको को कोई भी सामान नही देने की सख्त चौतावनी दी है। उन्होंने कहा की कोरोना महामारी तेजी से फैलने लगा है जिसे देखते हुए सरकार के द्वारा सभी लोगो को मास्क पहनना और समाजिक दुरी बनान अनिवार्य किया गया है। इसके बावजूद भी कई लोग बगैर मास्क घर से निकल रहे है। ऐसे ब्यक्ति को चिन्हित कर दंडित की जाएगी। वहीं आठ बजे शाम तक सभी दुकानों को बंद कर देने का निर्देश दिए। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस के जवान उपस्थित थे।

## सरकारी अस्पताल में सहियाओं की सीना. जोरी,मरीजों की खींच तान में लम्बी है डोरी

अपेम लाइव : गिरिडीह
चन्दन पाण्डेय




गिरीडीह चौताडीह स्थित मातृ एवं शिशु इकाई में सहियाओं द्वारा सीनाजोरी से या बहला फुसला कर रोगियों को खींच तान कर प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराने का शिलशिला जारी है।विदित हो कि कुछ दिन पहले कोई गरीब आदिवासी महिला मरीज को सदर अस्पताल से प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्त्ती कराने के बाद इलाज के दौरान मोटी रकम चुकाने और शोषण करने की बात सामने आई थी जिसे घर जमीन बेचने के बाद भी महिला के परिजन नर्सिंग होम का रकम/फी चुकाने में असमर्थ थे जिसकी भनक जमीन से जुड़ी पार्टी भाकपा माले को लगी उसके बाद जिला से लेकर स्वास्थ्य विभाग झारखण्ड सरकार तक लिखित शिकायत कर तीन नर्सिंग होम को बंद करवाया गया। उन में से बोडो स्थित कल्याण ह०स्पिटल एक है जिस पर अबैध रुप से नर्सिंग होम चलाने और सदर अस्पताल से गरीब व ग्रामीण मरीज महिलाओं को सहियाओं द्वारा बहला फुसला कर अपने नर्सिंग होम में भर्ती करवाने और 40 से 50 हजार रुपये वसूलने के आरोप में तिसरी बार बन्द कर संचालक पर कारवाई की जा चुकी है। यही कारण है कि आज भी यह अस्पताल विवादों से घिरा है जहाँ छोटी मोटी घटनाएं रोज घटती रहती है। उक्त ( कल्याण ह०स्पिटल) को इस बार ह०स्पिटल खोलने का आदेश मिला तो कोई अनहोनी और बड़ी घटना घट सकती हैं जिसका जिम्मेवार सीधे तौर पर अस्पताल प्रबंधन होगा। इस वीडियो में देखिए सहियाओं का हाई वोल्टेज ड्रामा अस्पताल प्रबन्धक प्रवीर कुमार और महिला गार्ड लक्ष्मी कुमारी के साथ सहिया साजदा को बिना यूनिफार्म के अस्पताल में प्रवेश करने से रोकने के बाद कैसे उलझ रही है।बताते चलें कि यहाँ खास कर साजदा, बबिता सिंहा और कंचन देवी तीन सहियाओं का जमावड़ा हमेशा रहता है जिससे अस्पताल की प्रबन्धन व्यस्था खराब और मरीजों के साथ शोषण होने की बात सामने आ रही है। इस बाबत आरटीआई कार्यकर्ता एवं समाज सेवी शमीम परवेज ने सिविल सर्जन से उक्त तीनों सहियाओं का कोड निरस्त करने की अपील की है ताकि सदर अस्पताल में शांति व्यवस्था बनी रहे और गरीब मरीजों को लाभ मिल सके।

## कोलडीहा वार्ड नंबर 24 में सड़क निर्माण के कार्य मे हो रही गड़बड़ी के खिलाफ मुहल्ला वाले ने रोड पर किया हंगामा

अपेम लाइव : गिरिडीह
चन्दन पाण्डेय



गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र के कोलडीहा 24 नंबर वार्ड में नगर निगम के द्वारा बन रहे सड़क कोलडीहा से कमलजोर तक लगभग सावा करोड़ के लागत से सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा लेकिन संवेदक के द्वारा काम में लापरवाही बरतते हुए कार्य किया जा रहा ऐसा रोड का निर्माण किया जा रहा है जो एक बरसात भी टिक नहीं पायेगा हों रहे कार्य को स्थानीय लोगों ने रोक दिया है। लोगों का आरोप है कि ठेकेदार सड़क निर्माण के नाम पर घटिया काम करवा रहा है। ऐसे में सड़क का अस्तित्व चंद दिनों में ही मिट जाएगा। लोगों का कहना है योजना में लूट को लेकर घटिया कार्य करवाया जा रहा है जिसका विरोध मोहल्ले के लोगों ने किया है। इधर इस बाबत नगर निगम के डिप्टी मेयर प्रकाश सेठ ने कहा कि उन्हें भी ऐसी सूचना मिली है। इसकी जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी होंगे उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

APEM LIVE

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बिरनी के कई गांव बगोदर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो पहुंचे

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**





बिरनी प्रखंड के कई गांवों पहुचे बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो प्रतापुर बेलाटॉड मरकोडीह तेतरिया सलयडीह के गांव पहुँचे सूचना पाकर सुख दुःख का साथी गरीबों का मसीहा बगोदर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो आज बेलाट०ड निवासी बद्री पंडित का रात्रि में निधन हो गया था उनका घर पर शोकाकुल परिवार से मिल कर शोक संवेदना व्यक्त किया एवं सांत्वना दिए। बिरनी प्रतापपुर निवासी बनवारी यादव के पिता 95 वर्ष के थे ।उनके आज सुबह हुए निधन पर पूर्व विधायक पहुँचकर, मिर्त्य आत्म शान्ति के लिये पा. र्थना व परिजनों के लिए संवेदना दिए वही विदित हो तेतरिया सलयडीह ग्राम निवासी बिनोद दास के पिता जी स्व गागो दस के दूसरी पुण्यतिथि में पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने कहा पार्टी के एक समर्पित कार्यकर्ता थे ।जीनको जन्मों जन्म तक याद रखा जयगा ।और श्रद्धाजलि दिए। विदित हो कुछ दिन पहले मरकोडीह में बंशी साव के माँ की श्राद्ध कर्म में शामिल हुवे बगोदर पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो ।उपस्थित हुवे हर संभव इस परिवार के साथ हमेसा खड़ा रहगें। और उस परिवार वालो को स्तावना दिए। उक्त मौके पर सांसद प्रतिनिधि बिरनी महेंद्र यादव बिरनी प्रखंड अध्यक्ष राजदेव साव प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा सुरेंद्र यादव मनोज चन्द्रवंशी रंजीत राय मनोज साव किशुन साव रामशहाय सिंह,संतोषी साव ,शुखदेव साव सकलदेव साव,मुनी साव एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बंदरकुप्पी में घटवार/घटवाल आदिवासी महासभा की सम्मेलन हुई

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



सदर प्रखंड के बंदरकुप्पी में घटवार/घटवाल आदिवासी महासभा द्वारा स्वतंत्रता सेनानी सहीद टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस के अवसर पर विशाल आमसभा दिनांक 8 जनवरी 2022 को मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री दुर्गा सिंह घटवार ने बताया कि घटवार आदिवासी महासभा 71 वर्षो से अपने न्यायिक एवं संवैधानिक मांग को लेकर आंदोलन रत है सी एन टी एक्ट 1908 में कुल 33 जातीय आदिवासी सूची में है जिसमे कर्म संख्या 11 में घटवार का नाम दर्ज है,जो 1938 के बिहार गजेटियर में प्रकाशित हुए है ।संथाल परागण कास्तकारी अधिनियम 1949 में भी घटवार को आदिवासी माना है। यह सुविधा 1956 तक मिल रहा था। परंतु भारतीय संविधान जनजाति आदेश 1950 में अकारण ही बिना किसी आधार के बिना किसी संसद में बहस के या विधेयक लाये बिना घटवार जाती को जनजाति सूची से हटा दिया गया जो कतय न्यायोजित नही है। वही घटवार जाती के लोग अपने मांगो को लेकर झारखंड विधानसभा, सांसद का आवास घेराव करने पर विवश होना पड़ेगा। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा सिंह घटवार,केंद्रीय महामंत्री लालगोविंद सिंह,प्रदेश महासचिव रामप्रवेश राम,गिरीडीह जिला अध्यक्ष ठाकुर देव राय, जिला उपाध्यक्ष अनिल राय, जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार राय, गिरीडीह प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र राय, सुरेश राय, संतोष राय, रंजीत राय, प्रकाश राय, खेमन राय, विनोद राय, बैजनाथ राय, सुरेंद्र राय आदि उपस्तित थे।

## जीप सदस्य ने किया कई गांवों का दौरा, सुनी लोगो की समस्याएं

### आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम को आयोजित कर सरकार ने लोगो को ठगने का काम किया : इमरान अंसारी

**अपेम लाइव**
**गावां / गीरिडीह**
**मुजाहिद अली**




मो इमरान अंसारी

गावां प्रखंड भाग 01 के जीप सदस्य मो इमरान अंसारी ने शनिवार को क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर लोगो की समस्याएं सुने। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब से आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया तब से लोगो की समस्याएं और बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि आज मैंने मालडा, गदर, खरसान, गदगी, पिहरा आदि कई गांवों का दौरा जिया जिसमे ग्रामीणों ने मुझे कई सारी समस्याओं से अवगत करवाया। कुछ लोगो ने बताया कि पिछले कई वर्षो से राशन कार्ड के द्वारा राशन उठाने का काम कर रहे थे लेकिन अब अचानक से परिवार के कई सदस्यों का नाम राशन कार्ड से हटा दिया गया है जिससे गरीब किस्म के लोग भुखमरी के कगार पर आ गया है। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी से मांग किया है कि आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पूरे प्रखंड में किस पंचायत से कितना आवेदन और किस काम के लिए आया है इसकी जानकारी दी जाए। साथ ही जितना भी आवेदन आया है उसमें कितने आवेदन पर काम किया गया है और लोगो की समस्याओं का समाधान किया गया ये भी दिखाया जाए ताकि लोगो को इसका फायदा दिखाई दे। अन्यथा ऐसा लगता है कि सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर सिर्फ लोगो को बेवकूफ बनाने का काम किया गया। इससे गरीब जनता को कोई भी लाभ अभी तक नही मिला पाया है। उन्होंने कहा कि राशनक. ार्ड से नाम हट जाने के सम्बंध में मैंने एमओ प्रदीप राम से बात किया है तो उन्होंने कहा है कि नाम हटने का काम सिस्टम से ही कैसे हो रहा है ये हमें भी पता नही है। जिसका नाम हट गया है सम्भवतः उसका नाम पुनः जोड़ दिया जाएगा।

## गावां में हुआ कोविड टास्क फोर्स की बैठक, बचाव हेतु दिया गया दिशा निर्देश

**अपेम लाइव**
**गावां / गीरिडीह**
**मुजाहिद अली**



टास्क फोर्स की बैठक करते बीडीओ

गावां प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शनिवार को कोरोना टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक प्रभारी बीडीओ संतोष प्रजापति की अध्यक्षता में की गयी। बीडीओ संतोष प्रजापति ने कहा कि ओमिक्रोन और कोरोना दोनों का प्रकोप लगभग एक समान है। दोनों जानलेवा बीमारी है और दोनो ही कोरोना मरीज के फेफड़े को प्रभावित करता है। जिन लोगों ने कोरोना का दोनो डोज पूर्ण कर किया है उनकी रक्षा अवश्य होगी। सभी लोगो को मास्क लगाना एवं सोशल डिस्टेंस का पालन करना जरूरी है। वही सावधानी बरतना ही कोरोना की सबसे बड़ी दवा है। सरकार के गाइ. डलाइन को पालन करना और अपने परिवार को पालन कराना बुद्धिमानी है। उन्होंने कहा 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो को कोरोना से बचाव हेतु बूस्टर डोज दिया जाएगा। मौके पर बीपीएम प्रमोद बर्णवाल, सुरेंद्र त्रिपाठी, राजीव रंजन, बीरेंद्र वर्मा, सुपरवाइजर अनिता यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## ड़ीसी राहुल सिन्हा ने लक्मे सैलून का उद्घघाटन किया

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**चन्दन पाण्डेय**



लक्मे सैलून का उद्घटान शुक्रवार को बरगंडा रोड के सेंटर पॉइंट मॉल में भव्य ढंग से किया गया। ड़ीसी राहुल सिन्हा ने विधिवत रूप से फीता काट कर उद्घाटन की औपचारिकता पूरी की। इस सैलून में लेक्मे ब्रांड का सभी प्रकार के सामग्री के बेस्ट कारीगर के द्वारा सेवा दिया जाएगा मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राकेश सिन्हा चुन्नु कांत समेत शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।तमाम लोगों का स्वागत गर्मजोशी से किया गया। मौके पर लैक्मे सैलून की संचालिका विभा संथालिया, संगीता अग्रवाल के अलावे आशा खंडेलवाल ,कवीता राजगरिया , धुर्व संथलिया, अमित अग्रवाल, दिनेश खेतान, आदि मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद तमाम लोगों ने सैलून का अवलोकन किया और संचा. लिका को शुभकामनाएं दी ।बताया गया कि लक्मे जैसे बड़े ब्रांड के साथ अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस सैलून के खुलने से शहर वासियों को काफी सुविधाएं उपलब्ध हो जाएगी।




APEM LIVE